आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 20.12.2024 समय : 0705

ढझढझढझढझढझढझढझ

1. मुख्य सचिव ने कल भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र की तटीय और समुद्री जैव विविधता पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया।

2. अंडमान निकोबार कमान की ओर से श्री विजयपुरम में सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वार्षिक द्वीप दीक्षा संवाद का आयोजन किया जा रहा है।

3. अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ छब्बीस दिसंबर को अंडमान जल क्रीड़ा परिसर स्थित सुनामी स्मारक में आयोजित की जाएगी।

4. केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कल 'जैविक और प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन' का आयोजन किया गया।

और

5. कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल में एएनएम कार्यकर्ताओं के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र की तटीय और समुद्री जैव विविधता पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने द्वीपों की अनूठी जैव विविधता को समझने और उसके संरक्षण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने युवा पीढ़ी से प्रकृति को उसके वास्तविक रूप में अनुभव करने का आग्रह किया। उन्होंने द्वीप जैव विविधता के महत्व और पशु प्रजातियों के वैज्ञानिक

वर्गीकरण पर भी प्रकाश डाला। मुख्य सचिव ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य वैज्ञानिक ज्ञान को सामुदायिक जुड़ाव के साथ संतुलित करना होना चाहिए। पर्यावरण और वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन ने अपने संबोधन में कहा कि ये द्वीप आकर्षक पारिस्थितिक खजाने हैं, जो दुनिया में कहीं और नहीं पाए जाने वाले पौधों और जानवरों की कई प्रजातियों यहां उपलब्ध हैं। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी भाग ले रहे हैं। यह कार्यशाला कल तक जारी रहेगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान श्री विजयपुरम में सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वार्षिक द्वीप दीक्षा संवाद की मेज़बानी कर रहा है। दो हजार चार सुनामी हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए सबक और संभावनाएं विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि द्वीपसमूह सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है।

ckbV&vfuy pkgku&37 l0

इस अवसर पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों के अलावा आई ओ एन एस के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। संगोष्ठी में हिन्द महासागर क्षेत्र के सदस्य देशों के साथ हिन्द महासागर नौसैनिक संगोष्ठी कार्य समूह में शामिल देश भी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ छब्बीस दिसंबर को अंडमान जल क्रीड़ा परिसर स्थित सुनामी स्मारक में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम सुबह साढ़े सात बजे से आरंभ होगी। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी

के जोशी और अन्य गणमान्य लोग दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देंगे। स्मारक पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

उधर, सुनामी वर्षगांठ मनाए जाने के सिलसिले में राजीव गांधी जल क्रीड़ा परिसर से चलने वाली सभी आई–वी नौकाओं को पच्चीस दिसंबर को अबरडीन जेट्टी से जंगलीघाट जेट्टी पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। छब्बीस दिसंबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप और मरीना पार्क के पास अबरडीन जेट्टी के बीच के क्षेत्र में किसी भी जहाज को लंगर डालने की अनुमति नहीं है। जेटस्की, जलक्रीड़ा नौकाओं के सभी मालिकों से भी पच्चीस दिसंबर, को शाम पांच बजे तक अपने जलयानों को निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। छब्बीस दिसंबर को अबरडीन जेट्टी से किसी भी जल क्रीड़ा गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बाद सामान्य नौका सेवा को फिर से शुरू की जा सकती है।

<><><><><><><><><>

गणतंत्र दिवस मनाए जाने के सिलसिले में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक ज़िला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में छब्बीस दिसम्बर को सुबह दस बजे से आरंभ होगी। बैठक में मार्चिंग दलों, झांकियों और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><><><>

क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र, भुवनेश्वर ने केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि विभाग के सहयोग से कल क्यारी में 'जैविक और प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन' का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती की ओर आकर्षित करने के लिए

राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से अवगत कराना था। कृषि निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि पर जोर दिया। क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने आज के परिदृश्य में जैविक और प्राकृतिक खेती के महत्व, स्वास्थ्य लाभ और आवश्यकता के महत्व के बारे में बताया। आर सी ओ एन एफ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जगत सिंह ने जैविक और प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देते हुए कहा कि इसमें द्वीपसमूह में सिद्धांत, वर्तमान स्थिति और गुंजाइश शामिल हैं। आर सी ओ एन एफ के सहायक निदेशक डॉ. एस के आर इंगले ने भागीदारी गारंटी प्रणाली, बड़े क्षेत्र प्रमाणन और परंपरागत कृषि विकास योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में पद्म श्री से सम्मानित के. चेल्लामल और कृषक श्री पंजमुत्थु को भी सम्मानित किया गया।

<><><><><><>

कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल के सम्मेलन कक्ष में एएनएम कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में प्रतिभागियों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाना था। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संक्रमण रोकथाम, दंत चिकित्सा और सामुदायिक जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर दिया गया। इसके अलावा, एएनएम कर्मियों को कुशल सेवा प्रदान करने की जानकारी प्रदान की गई। बीजेआर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ ग्रेस ने सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के रूप में एएनएम की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. साहिना, डॉ. पार्थ

मंडल, डॉ. रूथ, डॉ. दीपिका शर्मा, और डॉ. जीजी पॉल ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

<><><><><><>

परिवहन विभाग डीब्रेट और आईटीआई के माध्यम से परिवहन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न ट्रेडों में विभिन्न प्रमाणन कार्यक्रमों के तहत विशेष रूप से दक्षिणी द्वीप समूह में रहने वाले स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है। ये उम्मीदवार बाद में परिवहन विभाग में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षु के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होंगे। सबसे पहले, दक्षिणी द्वीप समूह में रहने वाले और किसी भी तकनीकी ट्रेड में आईटीआई या कोई प्रमाणन रखने वाले उम्मीदवारों से परिवहन विभाग में मोटर मैकेनिक, ऑटो इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर आदि विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त होने का अवसर प्राप्त कर सकते है। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार निकोबार के परिवहन विभाग के सहायक अभियंता के कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>